# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 29वीं बैठक दिनाँक 18 दिसम्बर, 2015 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 29वीं बैठक दिनाँक 18 दिसम्बर, 2015 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुरजन, संयुक्त निदेशक, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 3. | श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 4. | श्री अनिल कुमार यादव, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 5. | डा0 महेश कौशिक, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 6. | श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 7. | श्रीमती संगीता राहुल, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 8. | डा0 पी0एस0 पाण्डेय, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि | सदस्य |
| 9. | श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | डा0 मनवीर सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | प्रौ0 जसवन्त सिंह नेगी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा नामित नये सदस्य डा0 पी0एस0 पाण्डेय, सहायक महानिदेशक का अन्य सदस्यों से परिचय कराया गया। मा0 प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक

20/12/15

21/12/15

के आयोजन दिनाँक 31 जनवरी, 2015 से अब तक निम्न 04 मा0 सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हुआ है:–

| क्र0 सं0 | नाम व पदनाम | पता | कार्यकाल की अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री प्रभुदयाल वाल्मीकि, मा0 विधायक | ए–705, ओ0सी0आर0, लखनऊ। | 19.09.12 से 18.09.15 तक |
| 02 | श्री संगीत सिंह सोम, मा0 विधायक | आलमगीरपुर उर्फ फरीदपुर, सरधना, मेरठ। | 19.09.12 से 18.09.15 तक |
| 03 | श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 विधान परिषद सदस्य | बी–34, शास्त्री नगर, मेरठ। | 17.12.12 से 16.12.15 तक |
| 04 | डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि | केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ | 04.07.12 से 03.07.15 तक |

उपरोक्त सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरन्तर कुशल मार्गदर्शन प्रदान किया गया उसके लिए वल्लभ परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया जाता है। मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठकों में नियमित रूप से प्रतिभाग कर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान करने एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। आशा व्यक्त की गयी कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय उनके बहुमूल्य सुझावों से लाभान्वित होता रहेगा।

बैठक में प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा नामित श्री सुरजन, संयुक्त सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि श्री रणवीर सिंह (लाइव स्टाक ब्रीडर), पुत्र श्री संग्राम सिंह, 11, नेहरू नगर, नेहरू एकैडमी के पास, मेरठ के कार्यकाल में शासनादेश सं0–2397/67–कृशिअ–15–500(42)/02 दिनाँक 14 दिसम्बर, 2015 के द्वारा दिनाँक 24 दिसम्बर, 2015 से दिनाँक 23 दिसम्बर, 2018 तक के लिए वृद्धि की गयी है। शासनादेश की प्रति श्री रणवीर सिंह को उपलब्ध करायी गयी तथा मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा उन्हें बधायी दी गयी। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने को कहा गया।

**प्रस्ताव संख्या 29.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 31 जनवरी, 2015 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

20/1/16 21/1/16

**प्रस्ताव संख्या 29.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 28वीं बैठक दिनाँक 31 जनवरी, 2015 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 31 जनवरी, 2015 को सम्पन्न 28वीं बैठक की अनुपालन आख्या का अवलोकन करते हुए निम्न निर्देश दिये गये:–

**28.5 असमायोजित अग्रिम**

असमायोजित अग्रिमों के समायोजन की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि 03 माह के अन्दर समस्त लम्बित अग्रिमों का समायोजन सुनिश्चित किया जाये। डा0 पी0एस0 पाण्डेय, सहायक महानिदेशक द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरान्त असमायोजित अग्रिमों पर 12 प्रतिशत अथवा शासन द्वारा निर्धारित दर से पैनल ब्याज की वसूली करने का सुझाव दिया गया। मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उक्त सुझाव स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय में लागू करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्रवाई: वित्त नियंत्रक)**

**28.6 वित्त समिति की सप्तम् बैठक के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

वित्त समिति की सप्तम् बैठक दिनाँक 27 दिसम्बर, 2014 के प्रस्ताव संख्या–7.8 के अनुसार आई0सी0ए0आर0 विकास निधि/शिक्षण लेखा शीर्ष से प्रशासनिक भवन में कुलपति कार्यालय कक्ष की ओर लिफ्ट लगवाने हेतु पुनः निर्देश दिये गये। साथ ही लिफ्ट की गुणवत्ता, क्षमता एवं मितव्ययता हेतु भी कहा गया।

**(कार्रवाई: नोडल अधिकारी, निर्माण/वित्त नियंत्रक)**

20/12/15

21/12/15

**28.7 विद्वत परिषद की 53वीं बैठक**

**संकल्प संख्या–08**

11 माह व्यतीत हो जाने पर भी कुलसचिव द्वारा अपेक्षित कार्रवाई न करने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। प्रत्येक दशा में दिनाँक 15 जनवरी, 2016 तक विधिक राय प्राप्त कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**28.9 निदेशक/अधिष्ठाता के पदों पर तैनाती**

व्यापक विचार–विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर एवं नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद से वरिष्ठता के सम्बन्ध में नियम आदि प्राप्त करें तथा आवश्यक होने पर मा0 कुलाधिपति जी तथा उ0प्र0 शासन से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये प्राथमिकता पर कार्रवाई की जाये। श्री गनेश चन्द्र फौजी द्वारा कहा गया कि इस विषय में वरिष्ठता नियम तैयार कर विश्वविद्यालय में अपनाने के लिए मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। निदेशक/अधिष्ठाता/कुलसचिव के पदों पर वरिष्ठता के आधार पर तैनाती/नियुक्ति हेतु भी मा0 प्रबन्ध परिषद के समक्ष प्रस्ताव लाया जाये।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**28.14 अन्य बिन्दु**

श्री गनेश चन्द्र फौजी, श्रीमती संगीता राहुल एवं श्री अनिल कुमार यादव आदि द्वारा कहा गया कि पूर्व में सम्पन्न भर्ती परीक्षा निरस्त करते हुए पुनः आवेदन प्राप्त किये जायें तथा पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से पुनः फीस न ली जाये तथा उनसे योग्यता एवं

20/12/15

21/12/15

अनुभव संशोधन करते हुए नये आवेदन प्राप्त किये जायें तथा नये आवेदकों से निर्धारित शुल्क लेते हुए आवेदन आमंत्रित किये जायें। पूर्व में आयोजित की गयी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करते हुए तथा उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पदों को प्राथमिकता पर भरने की कार्रवाई की जाये।

(कार्रवाईः कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या 29.3 : मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु**

**1. विधिवत गठित चयन समिति की संस्तुतियों का अनुपालन**

श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, श्रीमती संगीता राहुल, श्री रणवीर सिंह, डा0 महेश चन्द्र कौशिक एवं श्री अनिल कुमार यादव द्वारा CAS के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गयी कि कितने शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर लिफाफे बन्द किये गये हैं तथा कितने शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया अवशेष है तथा इसे पूर्ण क्यों नहीं किया गया है ? श्री रणवीर सिंह द्वारा कहा गया कि उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने में विलम्ब क्यों किया गया है तथा इसे प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाये। डा0 महेश कौशिक, श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, श्रीमती संगीता राहुल एवं श्री अनिल कुमार यादव द्वारा भी इसका समर्थन किया गया तथा कहा गया कि समय से प्रोन्नति न होने के कारण शिक्षकों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

डा0 महेश कौशिक तथा श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी कि प्रबन्ध परिषद बैठक की कार्यवाही का पूरा विवरण कार्यवृत्त में अंकित नहीं किया जाता है तथा सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद को निर्देशित किया गया कि मा0 प्रबन्ध परिषद की कार्रवाई का पूरा विवरण कार्यवृत्त में लिखा जाये तथा अन्य सदस्यों द्वारा इसका समर्थन किया गया।

अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा जानकारी दी गयी कि CAS की प्रक्रिया गत सात–आठ वर्षों से लंबित होने के कारण जटिल हो गई है। विभिन्न विषयों के लगभग 60 शिक्षकों की CAS के अन्तर्गत प्रक्रिया पूर्ण कर लिफाफे बन्द कर दिये गये हैं तथा अन्य शिक्षकों की प्रोन्नति के विषय विशेषज्ञों का समय न मिलने तथा

20/12/15

21/12/15

पंचायत निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के कारण अभी तक पूरी नहीं हो पायी है। डा0 महेश कौशिक, श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, श्रीमती संगीता राहुल, श्री रणवीर सिंह एवं श्री अनिल कुमार यादव आदि द्वारा CAS प्रक्रिया पूर्ण कर लिये गये शिक्षकों के लिफाफे तत्काल खोले जाने की मांग की गयी परन्तु अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा कार्यकाल में 90 दिन से कम अवशेष रहने के कारण नियुक्ति व प्रोन्नति संबंधी निर्णय लेने से विरत रहने के मा0 कुलाधिपति जी के आदेश होने से लिफाफे खोलने में असमर्थता व्यक्त की गयी। श्री सुरजन, संयुक्त सचिव (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा नामित) द्वारा भी कहा गया कि CAS के लिफाफे खोलना उपयुक्त नहीं होगा। डा0 महेश कौशिक, श्री गनेश चन्द्र उर्फ फौजी, श्रीमती संगीता राहुल, श्री रणवीर सिंह एवं श्री अनिल कुमार यादव इस उत्तर से संतुष्ट नहीं थे तथा उनके द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि विधिवत गठित चयन समिति द्वारा CAS की प्रक्रिया पूर्ण की गयी है इसलिए बन्द लिफाफे खोलने में कोई विधिक बाधा नहीं है तथा लिफाफे खोलना मा0 प्रबन्ध परिषद का अधिकार है एवं इस पर किसी प्रकार की रोक नहीं है। इस सम्बन्ध में काफी विचार विमर्श के उपरान्त चयन समिति द्वारा बन्द किये गये CAS के लिफाफे खोलने का निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि बढ़ा हुआ वेतनभार के बकाया का भुगतान शासन से इसके लिए बजट प्राप्त होने पर ही दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बैठक के उपरान्त डाक द्वारा प्रमुख सचिव मा0 श्री राज्यपाल एवं कुलाधिपति जी का पत्र जिसमें लिफाफे खोलने की अनुमति दी गई है, कार्यालय में प्राप्त हुआ।

**विधिवत गठित चयन समिति की संस्तुतियों को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

20/12/15

21/12/15

(क) विधिवत गठित चयन समिति की स्पष्ट संस्तुति की सूची जिसे मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया:—

| SN | Name | Present Designation | Subject | Present Pay Scale & Grade Pay | Recommendation of Selection Committee | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Designation | Pay Scale & Grade Pay | Date of Award Pay Scale & Grade Pay | Remark |
| 1 | Dr. Rajendra Singh | Assistant Professor | Entomology | 15600-39100(AGP 6000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 23.03.2010 | Recommended |
| 2 | Sh. Hem Singh | Assistant Professor | Entomology | 15600-39100(AGP 6000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 29.03.2011 | Recommended |
| 3 | Dr. S.K. Tripathi | SMS/Asstt. Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 6000) | SMS/Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 29.03.2011 | Recommended |
| 4 | Dr. Hariom Katiyar | SMS/Asstt. Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 6000) | SMS/Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 29.04.2013 | Recommended |
| 5 | Dr. Adesh Singh | Assistant Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 6000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 15.05.2011 | Recommended |
| 6 | Dr. Yogesh Kumar | Assistant Professor | Soil Science | 15600-39100(AGP 6000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 7000) | 24.03.2011 | Recommended |
| 7 | Dr. D.V. Singh | Assistant Professor | Entomology | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 28.07.2012 | Recommended |
| 8 | Dr. Mukesh Kumar | Assistant Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 25.07.2012 | Recommended |
| 9 | Dr. Karan Veer Singh | Assistant Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 12.08.2014 | Recommended |

20/12/15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Dr. Manoj Kr Singh | Assistant Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.03.2014 | Recom mended |
| 11 | Sh Vipin Kumar | Asstt Director/ Asstt. Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Asstt Director/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 28.03.2014 | Recom mended |
| 12 | Dr Sarvesh K Lodhi | Asstt Director/ Asstt. Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Asstt Director/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 25.02.2015 | Recom mended |
| 13 | Sh Arvind Kumar | Asstt Director/ Asstt. Professor | Horticulture | 15600-39100(AGP 7000) | Asstt Director/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 21.08.2015 | Recom mended |
| 14 | Dr. Mukesh Kumar | SMS/ Asstt. Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 7000) | SMS/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 18.06.2010 | Recom mended |
| 15 | Dr. Sandeep Singh Tomar | Assistant Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 09.08.2014 | Recom mended |
| 16 | Dr. Suraj Pal Singh | Assistant Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.08.2014 | Recom mended |
| 17 | Dr. Suresh Chandra | Assistant Professor | Ag. Engg. | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.03.2015 | Recom mended |
| 18 | Sh.Deepak Mishra | SMS/ Asstt. Professor | Ag. Engg. | 15600-39100(AGP 7000) | SMS/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.01.2015 | Recom mended |
| 19 | Dr. Vivak Kumar | Assistant Professor | Ag. Engg. | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 12.08.2015 | Recom mended |

20/12/15

21/12/15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | Dr Jaiveer Singh | Assistant Professor | Ag. Engg. | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 23.03.2015 | Recom mended |
| 21 | Dr. U.P. Shahi | Assistant Professor | Soil Science | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 12.08.2014 | Recom mended |
| 22 | Dr Shishu Pal Singh | Assistant Professor | Soil Science | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.03.2014 | Recom mended |
| 23 | Dr. Pankaj Chauhan | Assistant Professor | Cell Biology | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 26.11.2014 | Recom mended |
| 24 | Dr. Mukesh Kumar | Assistant Professor | Agri.Biotech. | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 28.07.2014 | Recom mended |
| 25 | Dr. Manoj Kr. Yadav | Assistant Professor | Agri. Biotech. | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 09.08.2014 | Recom mended |
| 26 | Dr. Dev Sharan Sahu | Assistant Professor | Animal Science | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | ---- | ---- | **Not Recom mended** |
| 27 | Dr. Jitendra Singh | Assistant Professor | Immuno. & Defence Mechanism | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 23.03.2014 | Recom mended |
| 28 | Dr. Purushottam | Assistant Professor | Pathology & Microbiology | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 22.03.2014 | Recom mended |
| 29 | Dr. Akash Tomar | Assistant Professor | Recombination Techniques | 15600-39100(GP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 24.03.2014 | Recom mended |
| 30 | Dr. (Smt) Shalini Gupta | Assistant Professor | MBGE | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 22.03.2014 | Recom mended |
| 31 | Dr Archana Malik | SMS/ Asstt. Professor | Fisheries | 15600-39100(AGP 7000) | SMS/ Asstt. Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 09.12.2012 | Recom mended |

20/12/15

21/1/15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Dr. H.L. Singh | Assistant Professor | Ag. Economics | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 01.06.2010 | Recom mended |
| 33 | Dr. Archana Bhatanagar | Assistant Professor | Basic Science (English) | 15600-39100(AGP 7000) | Assistant Professor | 15600-39100(AGP 8000) | 28.10.2013 | Recom mended |
| 34 | Dr. D.N. Mishra | Associate Professor | Entomology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 10.12.2009 | Recom mended |
| 35 | Dr. M.N. Dubey | Associate Director | Plant Protection (Retd.) | 37400-67000 (AGP 9000) | Jt. Director | 37400-67000 (AGP 10000) | 08.06.2011 | Recom mended |
| 36 | Dr. Raj Kumar Singh | Associate Director | Horticulture (Retd.) | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | **Not eligible** |
| 37 | Dr. Sunil Malik | Associate Professor | Horticulture | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 22.03.2011 | Recomm ended |
| 38 | Dr. Yogesh Prasad | Associate Director | Horticulture | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | **Not eligible** |
| 39 | Dr. Shiv Singh | Associate Director | Agronomy | 37400-67000 (AGP 9000) | Jt. Director | 37400-67000 (AGP 10000) | 07.05.2007 | Recom mended |
| 40 | Dr. Kamlesh Kumar | SRO | Agronomy (Retd.) | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 12.12.2009 | Recom mended |
| 41 | Dr. R.B. Yadav | Associate Professor | Agronomy | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.08.2010 | Recom mended |
| 42 | Dr. B.P. Dhayani | Associate Professor | Soil Science | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 13.11.2009 | Recom mended |
| 43 | Dr. Satendra Kumar | Associate Professor | Soil Science | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | **Not Recom mended** |

20/12/15

21/12/15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | Dr. A.K. Chaubey | Associate Professor | Soil Science | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 21.11.2009 | Recom mended |
| 45 | Dr. Ravindra Kumar | Associate Professor | Cell Biology | 37400-67000 (AGP 9000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.07.2010 | Recom mended |
| 46 | Dr. Puspendra Kumar | Associate Professor | Agri.Biotech. | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | **Deferre d** |
| 47 | Dr. Rajvir Singh | Associate Professor | Agronomy | 37400-67000 (AGP 10000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 11.05.2008 | Recom mended |
| 48 | Dr. Mohan Lal | Associate Director Extension | Agronomy | 37400-67000 (AGP 10000) | Jt. Director Extension (Agronomy) | 37400-67000 (AGP 10000) | 27.07.2006 | Recom mended |
| 49 | Dr. Vivek | Associate Professor | Agronomy | 37400-67000 (AGP 10000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 19.11.2007 | Recom mended |
| 50 | Dr. R.K. Naresh | Associate Professor | Agronomy | 37400-67000 (AGP 10000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 13.02.2008 | Recom mended |
| 51 | Dr. G.R. Singh | Associate Director (Extension) | Ag. Engg. | 37400-67000 (AGP 10000) | Jt. Director Extension (Ag. Engg.) | 37400-67000 (AGP 10000) | 01.08.2008 | Recom mended |
| 52 | Dr. N.C. Gupta | Associate Director (Extension) | Ag. Engg (Retd.) | 37400-67000 (AGP 10000) | Jt. Director Extension (Ag. Engg.) | 37400-67000 (AGP 10000) | 27.07.2006 | Recom mended |
| 53 | Dr. Bijendra Singh | Associate Professor | Horticulture | 37400-67000 (AGP 10000) | Professor | 37400-67000 (AGP 10000) | 04.01.2009 | Recom mended |

20/11/15

21/11/13

(ख) निम्न शिक्षकों की प्रोन्नति की संस्तुतियाँ चयन समिति ने स्पष्ट रूप से अंकित नहीं की हैं एवं मा0 प्रबन्ध परिषद ने ऐसे प्रकरणों को अस्वीकार किया है:–

| SN | Name | Present Designation | Subject | Present Pay Scale & Grade Pay | Recommendation of Selection Committee | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Designation | Pay Scale & Grade Pay | Date of Award Pay Scale & Grade Pay | Remark |
| 1 | Er. Neelesh Chauhan | Assistant Professor | Agri Engg. | 15600-39100(AGP 6000) | ---- | ---- | ---- | |
| 2 | Dr. Krishan Gopal Yadav | SMS/ Asstt. Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 7000) | ---- | ---- | ---- | |
| 3 | Dr. P.K. Singh | SMS/ Asstt. Professor | Agronomy | 15600-39100(AGP 7000) | ---- | ---- | ---- | |
| 4 | Dr. Ravindra Kumar | SMS/ Asstt. Professor | Animal Science | 15600-39100(AGP 7000) | ---- | ---- | ---- | |
| 5 | Dr. S.P. Yadav | Assistant Professor | Animal Science | 15600-39100(AGP 7000) | ---- | ---- | ---- | |
| 6 | Dr. Gaje Singh | Associate Professor | Entomology | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | |
| 7 | Dr. R.S. Sengar | Associate Professor | Agri.Biotech. | 37400-67000 (AGP 9000) | ---- | ---- | ---- | |

20/12/15

2. **विश्वविद्यालय परिसर में महापुरूषों की मूर्तियाँ स्थापित की जायें**

श्रीमति संगीता राहुल द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को लिखे गये पत्र के अनुपालन में विश्वविद्यालय में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर, चौधरी चरण सिंह तथा डा0 राम मनोहर लोहिया की प्रतिमाएं स्थापित करने का कार्य अभी तक नहीं किया गया है इसे यथाशीघ्र कराया जाये। इस हेतु शिक्षण लेखा शीर्ष/उ0प्र0 शासन से धनराशि की मांग प्रेषित की जाये। उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः नोडल अधिकारी, निर्माण/वित्त नियंत्रक)**

3. **विश्वविद्यालय में किसान मेले नियमित रूप से आयोजित किये जायें**

मा0 सदस्यों द्वारा एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त भी विश्वविद्यालय में कोई किसान मेला आयोजित नहीं किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा यथाशीघ्र किसान मेला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्रवाईः निदेशक प्रसार/निदेशक शोध/वित्त नियंत्रक)**

4. **मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक समय से आहूत किया जाना**

मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा 11 माह से मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक आहूत न करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा भविष्य में प्रत्येक 2 माह में एक बार बैठक अनिवार्य रूप से आहूत करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

5. **छात्रावासों का नियमित/आकस्मिक निरीक्षण**

डा0 महेश कौशिक द्वारा बाहर के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रावासों में निवास कर रहे छात्रों की पिटाई पर असन्तोष व्यक्त किया गया तथा सुरक्षा की उचित व्यवस्था हेतु निर्देश दिये गये। कई सदस्यों द्वारा छात्रावास में एक विद्यार्थी द्वारा आत्महत्या का प्रकरण उठाते हुए सम्बन्धित छात्रावास अधीक्षक एवं अन्य दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गयी। डा0 अनिल यादव तथा डा0 महेश कौशिक द्वारा छात्रावासों में कुछ विद्यार्थियों द्वारा कथित मद्यपान तथा नशाखोरी करने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये गये। छात्रावासों का वरिष्ठ अधिकारियों अधिष्ठाता छात्र कल्याण, मुख्य वार्डन, वार्डन आदि द्वारा नियमित/औचक निरीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। सभी छात्रावासों में कैमरे लगाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः अधिष्ठाता छात्र कल्याण/समस्त वार्डन)**

20/12/15      21/12/15

6. **सुरक्षा व्यवस्था**

डा0 महेश कौशिक द्वारा अवगत कराया गया कि जब उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रवेश किया तो पाया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर बिना किसी रोक–टोक के कोई भी आ सकता है। उन्हें किसी ने नहीं पूछा की आपको कहाँ जाना है। विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था बहुत लचर है। विश्वविद्यालय में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों/आगन्तुकों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से पंजी में की जाये।

**(कार्रवाईः अध्यक्ष, सुरक्षा सलाहकार समिति)**

7. **डा0 नीलम यादव के बकाया एरियर के भुगतान हेतु**

श्री गनेश चन्द फौजी द्वारा डा0 नीलम यादव के छठे वेतनमान के अनुसार एरियर प्रकरण का निस्तारण समय से न करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। बैठक में डा0 नीलम यादव के बकाया एरियर का भुगतान नियमानुसार 15 दिन में कराने हेतु मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

8. **उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय से प्रेषित करने विषयक**

डा0 पी0एस0 पाण्डेय, सहायक महानिदेशक, (शिक्षा नियोजन एवम् गृह विज्ञान) आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि अनुसंधान भवन–II, पूसा, नई दिल्ली–110012 द्वारा विकास निधि एवं परियोजनाओं के आडिटेड उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय से प्रेषित न करने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा मा0 प्रबन्ध परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा निर्देशित किया गया कि उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय से प्रेषित किये जायें।

**(कार्रवाईः निदेशक अनुसंधान केन्द्र)**

उपरोक्त कार्यवाही के बाद कुलपति ने सभी मा0 सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा सभाकक्ष से बाहर चले गए।

20/12/15

(सत्येन्द्र कुमार)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

(डा0 हरि शंकर गौड़)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

**प्रस्ताव संख्या–29.4 : नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने के सम्बन्ध में।**

कुलपति के सक्षाकक्ष से बाहर जाने के उपरान्त नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित करने की कार्रवाई प्रारम्भ हुई। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में वर्तमान कुलपति का कार्यकाल दिनाँक 18 फरवरी, 2016 को समाप्त हो रहा है। अतः उ0प्र0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अधिनियम 1958 की धारा–11(1) के प्रावधानों के अन्तर्गत नये कुलपति के चयन हेतु गठित होने वाली सर्च कमेटी में विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद एक प्रतिनिधि नामित किये जाने का प्राविधान है। उक्त प्राविधान के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–2492/67–कृशिअ–15–500(11)/05 दिनाँक 06.11.2015 के क्रम में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में एक प्रतिनिधि नामित किया जाना है। समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से श्री अनिल कुमार यादव, कृषि उद्योगपति को नये कुलपति के चयन हेतु गठित सर्च कमेटी में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा एक प्रतिनिधि नामित किया गया।

**(कार्रवाईः सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद)**

20/12/15

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद